जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

ऑपरेशन सिंदूर

# जागरूक टाइम्स


मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

वर्ष 21 | अंक-282 | मुंबई, शनिवार, 10 मई 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य ₹4

## आईपीएल एक हफ्ते स्थगित

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 को स्थगित कर दिया गया था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा था कि मौजूदा स्थिति में टूर्नामेंट को जारी रखना उचित नहीं होगा। बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया है। हालात सामान्य होने पर नया शेड्यूल जारी किया जाएगा।




# ब्लैकआउट, फायरिंग, करारा जवाब

## उरी और पुंछ में फिर गोलाबारी

**जम्मू।** पुंछ में 11 घंटे की शांति के बाद एक बार फिर पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार शाम गोलाबारी शुरू कर दी। पाकिस्तानी गोलाबारी शुरू होते ही सायरन बजने लगा। पाकिस्तानी सेना दिगवार और करमाडा सेक्टर में गोलाबारी कर रही है।

## देशभर में 27 हवाई अड्डे बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। शुक्रवार को विभिन्न एयरलाइनों ने दिल्ली हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 138 उड़ानें रद्द की हैं। हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर देश के विभिन्न भागों में लगभग 27 हवाईअड्डे बंद हैं।

## नागरिकों को ढाल बना रहा पाक

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बौखला उठा है। गुरुवार देर रात पाकिस्तान की ओर से भारत के कई शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागी गईं। हालांकि भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हर हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया। भारतीय सेना ने लाहौर, कराची, सियालकोट सहित भारत ने कई शहरों पर ताबड़तोड़ हमले किए। शुक्रवार शाम विदेश मंत्रालय की ओर से प्रेस ब्रीफिंग की गई।



### भारत ने करारा जवाब दिया : सोफिया

- विदेश मंत्रालय की ओर से पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों और भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से जुड़े मामले पर जानकारी देते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से गुरुवार रात देश के कई शहरों पर मिसाइल और ड्रेन हमले की कोशिश की गई। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के हर हमले का करारा जवाब दिया।

- पाक ने 36 ठिकानों को बनाया 'निशाना'
- तुर्की असिसगार्ड सोंगर ड्रोन का इस्तेमाल
- झूठी खबरें फैला रहा पाकिस्तान : मिसरी

## अमेरिका से भारत ने की बात

पीएम आवास पर बड़ी बैठक

## पूर्व सेना प्रमुखों से मिले मोदी

- भारत-पाक तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के पूर्व सैन्य प्रमुखों और दिग्गजों के साथ अहम बैठक की। इस मुलाकात में वायुसेना, थल सेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों समेत कई वरिष्ठ रिटायर्ड सैन्य अफसर शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात पर विस्तृत बातचीत की और उनके अनुभवों को सुना। चर्चा का फोकस सीमा पर बनी स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की सामरिक तैयारियों पर रहा। प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और कहा कि वर्तमान सरकार हर चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह बैठक ऐसे वक्त पर हुई है, जब पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद भारत की प्रतिक्रिया और भविष्य की रणनीति पर मंथन चल रहा है।

## पाक के तीन फाइटर जेट मार गिराए

- भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया है। पाकिस्तान एयरफोर्स का AWACS विमान उनके ही पंजाब प्रांत में ध्वस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि यह विमान पाकिस्तान की सीमा में गिरा। इसके अलावा सीमा पर ड्रोन हमलों को भी सेना की एयर डिफेंस यूनिट्स ने जवाब दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू स्थित एयरस्ट्रिप पर रॉकेट दागे।



- दो जेएफ-17 और एक एफ-16

## पाक को बड़ा नुकसान

बकौल कर्नल सोफिया पाकिस्तानी हमले के जवाब में भारत ने चार हवाई रक्षा स्थलों पर सशस्त्र ड्रोन लॉन्च किए। इनमें एक ड्रोन एडी रडार को नष्ट करने में सफल रहा। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार, उरी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी कैलिबर आर्टिलरी गन और ड्रोन का इस्तेमाल कर नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी की। जवाबी कार्रवाई में भारत ने भी बड़ा नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार फिर सामने आया, जब 7 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे असफल और अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। वह ढाल की तरह इसका इस्तेमाल कर रहा है। उसे पता है कि भारत पर हमला करने से भारत की एयर डिफेंस तीव्र प्रतिक्रिया देगा।

## श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर फिलहाल बंद

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार दूसरे दिन भी तनाव की स्थिति बनी रही। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में हमले किए। पाकिस्तान के सभी हमलों को भारत के एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। वहीं पाकिस्तान के दो फाइटर जेट को भी गिरा दिया। पाकिस्तान पर पलटवार करते हुए भारत ने लाहौर, कराची और रावलपिंडी में एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया। भारत ने पाकिस्तान को दो टूक चेतावनी दी है कि अगर पड़ोसी मुल्क अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो भारत हर वार का मुंहतोड़ जवाब देगा।

### न्यूज BRIEF

## सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है। आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं। सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा।

## जम्मू में सीएम, उरी पहुंचे सिन्हा


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शुक्रवार सवेरे जम्मू पहुंचे। गुरुवार रात जम्मू शहर और संभाग के अन्य हिस्सों में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा किए गए असफल हमलों के बाद स्थिति का जायजा लेने उमर अब्दुल्ला जम्मू पहुंचे। मुख्यमंत्री जम्मू मेडिकल गए, जहां उन्होंने सीमा पार से हुई गोलीबारी में घायल लोगों का हाल जाना। वहीं रात में भारी गोलाबारी के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा उरी सेक्टर का दौरा करने पहुंचे। उपराज्यपाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## जैसलमेर-पोकरण-फलोदी में ड्रोन अटैक, सेना ने मार गिराए

**जैसलमेर।** पाकिस्तान की नापाक सैन्य हरकतें बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार रात फिर उसने राजस्थान में ड्रोन अटैक को अंजाम दिया। पाकिस्तान की तरफ से रात के वक्त जैसलमेर और फलौदी में ड्रोन अटैक किया गया। इसे समय रहते नाकाम कर दिया गया। यहां खतरे का सायरन बजा है। वहीं, पोकरण में भी ड्रोन अटैक उसी तरफ से किया गया, लेकिन भारतीय सेना ने उसे मार गिराया। बाड़मेर में भी पाकिस्तान की तरफ से अटैक की कोशिश की गई है। जानकारी के अनुसार फलोदी में 10 तो पोकरण में 5 जगह ड्रोन अटैक करने की कोशिश पाकिस्तान की तरफ से की गई, लेकिन इन्हें मार गिराया गया। फलोदी के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 धमाकों की आवाज सुनाई दी गई। बाड़मेर में 100 से ज्यादा ड्रोन आसमान में मंडराते देखते गए। इसलिए यहां भी ड्रोन हमले की आशंका के मद्देनजर समय रहते कार्रवाई की गई है।


गृह मंत्रालय का निर्देश

## 'इमरजेंसी पॉवर का इस्तेमाल कर सकेंगे राज्य'



- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखकर उनसे आवश्यक एहतियाती उपायों के कुशल कार्यान्वयन के लिए नागरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग करने का निर्देश दिया है।

## साउथ ब्लॉक में सुरक्षा बैठक



- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साउथ ब्लॉक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह और रक्षा सचिव आर. के. सिंह के साथ स्थिति की समीक्षा की।

## पाक के ड्रोन निकले 'फुसकी'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने गुरुवार रात भारत के 24 शहरों पर हमला करने के लिए 500 छोटे ड्रोन लॉन्च किए थे। हालांकि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने के लिए जिन ड्रोन का इस्तेमाल किया था, वे चीनी और तुर्की के ड्रोन थे। रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि 8 मई की रात को पाकिस्तान ने 200 मिनट के भीतर 500 छोटे ड्रोन लॉन्च किए। जिनका मकसद 24 भारतीय शहरों को निशाना बनाना था। पाकिस्तान ने जिन राज्यों को निशाना बनाया उनमें जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात शामिल थे। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से भारत पर हमला किया था, उनमें से ज्यादातर ड्रोन में विस्फोटक नहीं थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कुल 500 ड्रोन डिटेक्ट किए थे और ये सभी ड्रोन तीन वेव में भेजे गए थे।




- बम बोलकर चीन-तुर्की ने थमा दिए खिलौने
- 24 शहरों पर 500 ड्रोन लॉन्च, सब 'फेल'

### चार राज्यों को बनाया था निशाना

पाकिस्तान ने गुरुवार रात 8 बजे से 11:30 बजे के बीच ड्रोन हमले किए, जिनका भारतीय सशस्त्र बलों ने मुंह तोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान ने लद्दाख, जम्मू, पंजाब और राजस्थान के कुल 24 जगहों पर ड्रोन अटैक किया था। इन सभी को शिल्का, एल-70 और Zu mm गन से एंगेज किया गया।

### नवाज ने शहबाज को समझाया



इस्लामाबाद से लेकर लाहौर और कराची तक अफरा-तफरी मची है। जिन शहरों को पाक सेना अभेद्य मानती थी, वहां भारतीय टारगेट हिट्स ने साफ कर दिया है कि भारत जवाब देता है। बीच पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ लंदन से लौटे और शहबाज शरीफ को साफ शब्दों में कहा- "अब डिप्लोमेसी से मामला संभालो वरना हालात हाथ से निकल जाएंगे।"

## वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान को दिखाया आईना



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन लेते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। इस मामले को लेकर पाकिस्तान काफी ज्यादा छटपटा रहा था और पाकिस्तान के कई बड़े नेताओं ने जल संधि को लेकर गीदड़भभकी भी दी थी। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष ने भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को लेकर बयान दिया है और यह साफ कर दिया है कि विश्व बैंक का इसमें क्या रोल रह सकता है। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, "हमारे पास मध्यस्थ के अलावा कोई भूमिका नहीं है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि विश्व बैंक कैसे हस्तक्षेप करेगा।

### चंडीगढ़ में 7 बजे बंद होंगे बाजार


- **चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बाद पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान 12 मई तक बंद कर दिए गए हैं। ट्राईसिटी (चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली) में भी हाई अलर्ट है। ऐसे में चंडीगढ़ प्रशासन ने चंडीगढ़ के सभी मार्केट, शॉपिंग मॉल शाम 7 बजे बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा पटाखे और आतिशबाजी पर भी रोक लगा दी गई है। पंचकूला में भी जिला प्रशासन ने शाम 6 बजे से सभी दुकानों को बंद करने का फैसला लिया है।

## जैसलमेर : पांच बजे से बाजार बंद

**जैसलमेर।** जैसलमेर में जिला प्रशासन ने वर्तमान हालातों को देखते हुए गाइडलाइन जारी की है। जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के आदेशानुसार जिले के सभी बाजारों को शाम 5 बजे तक बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। ब्लैक आउट की समयावधि बढ़ाकर 12 घंटे कर दी गई है। शाम को 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 6 बजे तक संपूर्ण ब्लैक आउट रहेगा। रामगढ़-तनोट मार्ग को दोपहर तीन बजे के बाद बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। अगले आदेश तक जिले के कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी व हॉस्टल को भी बंद करने की घोषणा की गई है। 12वीं तक की सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों की छुट्टियों की घोषणा की गई थी।

- कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी व हॉस्टल भी बंद
- शाम 6 बजे से 12 घंटे का 'ब्लैक आउट'

## मोदी ने की बॉर्डर राज्यों के सीएम से बात



**नई दिल्ली।** देश की सीमाओं पर बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बातचीत की। बातचीत में मौजूदा हालात, सुरक्षा तैयारियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने दोनों सीमावर्ती राज्यों की स्थिति का जायज़ा लिया और सुरक्षा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी मांगी। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हालात पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

### घर खाली कर रहे लोग

- पाकिस्तान द्वारा गुरुवार रात सीमा पार से की गई भारी गोलाबारी, ड्रोन तथा मिसाइल हमलों के प्रयास के बाद नियंत्रण रेखा के पास रहने वाले राजौरी के निवासियों ने सुरक्षित क्षेत्रों की ओर जाना शुरू कर दिया है। सभी ड्रोन तथा मिसाइल हमलों को भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने रोक दिया तथा विफल कर दिया। जबकि पाकिस्तान द्वारा पूरी रात जारी सीमा पार से की गई गोलाबारी ने नियंत्रण रेखा के पास आवासीय भवनों को काफी नुकसान पहुंचाया है।

केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

## सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना जुटाने का अधिकार

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके।

### 14 बटालियन होंगी तैनात

सरकार की अधिसूचना के अनुसार मौजूदा 32 टीए इन्फैंट्री बटालियनों में से 14 को तैनात करने का आदेश दिया गया है। इन्हें देश के कई सैन्य कमानों में भेजा जाएगा।

- 1. साउथर्न कमांड
- 2. ईस्टर्न कमांड
- 3. वेस्टर्न कमांड
- 4. सेंट्रल कमांड
- 5. नॉर्दर्न कमांड
- 6. साउथ वेस्टर्न कमांड
- 7. अंडमान और निकोबार कमांड
- 8. आर्मी ट्रेनिंग कमांड (एआरटीआरएसी)

### तीन साल लागू रहेगा आदेश

रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने 6 मई को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा। इसका मतलब है कि अगले तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा।

## पाक रक्षा मंत्री ने कराई सेना की फजीहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने संसद में अपनी फजीहत कराई है। उन्होंने भारतीय ड्रोन को मार गिराने के पाकिस्तानी सेना के दावों का खंडन किया। उन्होंने तर्क दिया कि पाक की एयर डिफेंस यूनिट्स की जगहों का खुलासा भारतीय सेना को न हो, इसलिए ऐसा किया गया। एयर डिफेंस यूनिट्स को बचाने के लिए भारत के ड्रोन को मारकर नहीं गिराया गया।

### 25 भारतीय ड्रोन गिराने का दावा



भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने कई शहरों में पाकिस्तान की एयर डिफेंस यूनिट्स को निशाना बनाया। जिससे पाकिस्तानी एयरफोर्स को गंभीर नुकसान हुआ और लाहौर में एक एयर डिफेंस यूनिट तबाह हो गई। रिपोर्टों के मुताबिक भारत ने इन हमलों में इजरायल द्वारा विकसित हार्पी कामिकेज ड्रोन का इस्तेमाल किया।

### ब्लैकआउट बढ़ा, छुट्टियां रद्द

बॉर्डर से सटे जिलों में लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। एकदम पास के इलाके खाली कराए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के अलावा पंजाब, राजस्थान और गुजरात के कई जिलों में ब्लैकआउट किया गया है। कई राज्यों में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

पश्चिम रेलवे

# मुंबई : रविवार को दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार/रविवार, 10/11 मई, 2025 की मध्यरात्रि को माहिम जंक्शन एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर 01 बजे से 04.30 बजे तक 3.5 घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के दौरान डाउन धीमी लाइन की सभी ट्रेनें मुंबई सेंट्रल एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइनों पर चलायी जाएंगी। ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महालक्ष्मी, प्रभादेवी एवं माटुंगा रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अपर्याप्त लंबाई के कारण इन ट्रेनों को लोअर परेल, माहिम एवं खार रोड स्टेशनों पर डबल हॉल्ट दिया जाएगा। इसी प्रकार, अप धीमी लाइन की ट्रेनें सांताक्रुज़ से मुंबई सेंट्रल/ चर्चगेट के बीच अप फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी, जो खार रोड स्टेशन पर डबल हॉल्ट लेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल एवं महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इस ब्लॉक की विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त ब्लॉक व्यवस्था को ध्यान में रखें।अतः रविवार, 11 मई, 2025 को पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

# उधना-रक्सौल के बीच विशेष साप्ताहिक ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उधना-रक्सौल के बीच विशेष किराये पर एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 05560/05559 उधना-रक्सौल साप्ताहिक विशेष के 11 फेरे होंगे। ट्रेन संख्या 05560 उधना-रक्सौल विशेष प्रत्येक रविवार को उधना से 15.35 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 00.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 मई, 2025 से 27 जुलाई, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 05559 रक्सौल-उधना विशेष प्रत्येक शनिवार को रक्सौल से 05.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.35 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 मई, 2025 से 26 जुलाई, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, लालितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज एवं सिकटा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।



## मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और उनकी बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 11 मई, 2025 से ट्रेन संख्या 20901/20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस में तीन अतिरिक्त एसी चेयर कार कोच को स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया है। भारत की प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों में से एक के रूप में, यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं के साथ तेज़, आरामदायक और कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करती है। मुंबई और गांधीनगर केपिटल के बीच अपनी हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के लिए जानी जाने वाली इस ट्रेन की यात्री क्षमता में और वृद्धि होगी, जिससे सालाना सीधे 85,000 से अधिक यात्रियों की अतिरिक्त क्षमता बढ़ जाएगी।

## अहमदाबाद मंडल की कुछ ट्रेनें निरस्त रहेगी

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा अहमदाबाद मंडल से चलने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। जिनमें दिनांक 10.05.2025 की ट्रेन संख्या 09446/09445 भुज-राजकोट-भुज स्पेशल, दिनांक 09.05.2025 की ट्रेन संख्या 94801 अहमदाबाद-भुज नमो भारत रैपिड रेल, दिनांक 10.05.2025 की ट्रेन संख्या 94802 भुज-अहमदाबाद नमो भारत रैपिड रेल, दिनांक 09.05.2025 की ट्रेन संख्या 22483 जोधपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस एवं दिनांक 10.05.2025 की ट्रेन संख्या 22484 गांधीधाम-जोधपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।



# ट्रक-कंटेनर की टक्कर से यातायात जाम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे के पाटलीपाड़ा ब्रिज-घोड़बंदर रोड पर वाशी से अहमदाबाद जा रहे ट्रक चालक विवेक यादव ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया और एक कंटेनर से टकरा गया। शुक्रवार सुबह करीब 2:45 बजे 11 टन ड्राई फ्रूट्स से भरा एक ट्रक घोड़बंदर रोड से अहमदाबाद के लिए रवाना हुआ। ट्रक वाशी से ठाणे के घोड़बंदर रोड पर पाटलीपाड़ा ब्रिज की ओर आ रहा था, तभी ट्रक चालक विवेक यादव ने नियंत्रण खो दिया और सामने वाले कंटेनर से टकरा गया। दुर्घटना के कारण बड़ी मात्रा में ऑयल सड़क पर फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही शहर के यातायात पुलिस कर्मी, हाइड्रा मशीन, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मी अन्य सामग्री के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाइड्रा मशीन की मदद से हटाया गया। इसके बाद यातायात धीरे-धीरे चलने लगा। आपदा प्रबंधन विभाग ने सड़क पर फैले तेल पर मिट्टी डालकर सड़क साफ कर दी।

# ऐरोली में अवैध झोपड़ियों पर कड़ी कार्रवाई

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस देने के बावजूद संबंधितों द्वारा नोटिस की कोई दखल न लिए जाने के कारण, अवैध निर्माण के खिलाफ नवी मुंबई मनपा के विभाग द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग की ओर से ऐरोली विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की गई। नवी मुंबई मनपा कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 'जी' विभाग ऐरोली स्थित ऐरोली सेक्टर-19 के युरो स्कूल के सामने भूखंड क्र. 73 पर स्थित मैंग्रोव क्षेत्र में बने टिप टॉप फास्ट फूड कॉर्नर / फालूदा चौक, स्नानगृह एवं मंगल शौचालय के अवैध निर्माण को 09 मई को निष्कासित किया गया है। साथ ही, ऐरोली सेक्टर-19 स्थित भूखंड क्र. 74 पर मैंग्रोव क्षेत्र में बनाए गए लगभग 80 अवैध झोपड़ियों को भी इसी दिन निष्कासित किया गया है। इस कड़ी कार्रवाई अभियान के लिए ऐरोली विभाग के सहायक आयुक्त तथा विभागीय अधिकारी सुनील काठोले, उप अभियंता (प्रभारी) रोहित ठाकरे, कनिष्ठ अभियंता संदीप म्हात्रे तथा अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त कार्रवाई के लिए 3 जेसीबी, 2 डंपर, 01 पोकलेन, 15 मजदूर और 01 मुकादम का उपयोग किया गया तथा अभियान के लिए स्थानीय पुलिस स्टेशन के कुल 150 पुलिस अधिकारी / कर्मचारी की बंदोबस्त व्यवस्था थी। मनपा ने चेतावनी दी है कि आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई और अधिक तीव्र की जाएगी।



# नवी मुंबई मनपा की संपत्ति धारकों से 'केवाईसी' की अपील

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के संपत्ति धारकों से आग्रह किया गया है कि वे मनपा की डिजिटल सेवाओं का अधिक सुगमता व प्रभावी रूप से उपयोग कर सकें, इस दृष्टि से 'केवाईसी' प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण करें। यह अपील नवी मुंबई मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे द्वारा की गई है। नवी मुंबई मनपा के संपत्तिकर से संबंधित विविध सेवाएं और सुविधाएं अब ऑनलाइन स्वरूप में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके कारण नागरिक अपने घर बैठे ही मोबाइल पर संपत्तिकर बिल देख सकेंगे तथा उसका भुगतान भी कर सकेंगे। साथ ही, मनपा से संबंधित विविध जानकारियां जैसे कि महत्वपूर्ण सूचनाएं, जलापूर्ति, अतिवृष्टि की चेतावनी, ट्रैफिक जाम आदि से संबंधित आपातकालीन अलर्ट तुरंत प्राप्त हो सकेंगे। संपत्तिकर विभाग की डिजिटल सेवा का पूर्ण लाभ उठाने हेतु 'केवाईसी - अपने ग्राहक को जानिए' (Know Your Customer-KYC) यह प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक है। इसके लिए https://www.nmmc.gov.in इस वेबसाइट पर जाकर QR कोड स्कैन करके अथवा संबंधित लिंक पर क्लिक कर केवाईसी प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। मालमत्ता से केवाईसी जोड़ते समय संपत्ति धारक को संपत्तिकर क्रमांक, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि विवरण भरने होंगे। यह जानकारी पूर्ण और सही भरने के बाद संबंधित खाते से SMS और ईमेल के माध्यम से संपत्तिकर की पावती, कर भुगतान हेतु लिंक तथा संबंधित विभाग की अपडेट्स प्राप्त होंगी। संपत्तिकर यह मनपा की आय का प्रमुख स्रोत है। इसी राजस्व से नागरिक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, इसलिए शहर के विकास में योगदान देने की दृष्टि से नागरिकों का समय पर कर भुगतान करना अत्यावश्यक है। संपत्तिकर का सुगम भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नवी मुंबई मनपा ने विविध ऑनलाइन माध्यम उपलब्ध कराए हैं और इसके लिए आवश्यक डिजिटल प्रक्रिया पूर्ण करना हमारी जिम्मेदारी का भाग है। इसलिए KYC प्रक्रिया पूर्ण करें, संपत्तिकर बिल ऑनलाइन प्राप्त करें और संपत्तिकर समय पर भुगतान करें, ऐसा आवाहन नवी मुंबई मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे ने किया है।

# सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने मनाया मई दिवस 2025



**मुंबई।** मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (CRWWO) ने अध्यक्ष आशा मीना के नेतृत्व में 8 मई को न्यू ऑफिसर्स क्लब, निर्मल पार्क, भायखला में बड़े उत्साह के साथ मई दिवस 2025 मनाया। यह कार्यक्रम मध्य रेल के उन कर्मचारियों की समर्पित सेवा को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था, जिन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक सेवा में योगदान दिया है। विभिन्न मंडलों, कारखानों और मुख्यालयों के कुल 24 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को उनकी उत्कृष्ट सेवा प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक प्रशस्ति प्रमाण पत्र, एक उपहार और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। एक वरिष्ठतम कर्मचारी, जिन्होंने 39 वर्ष की विशिष्ट रेलवे सेवा पूरी कर ली है को विजेता का सम्मान प्रदान किया गया। मध्य रेल के विभिन्न पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें नागपुर मंडल के तीन, पुणे मंडल के तीन, भुसावल मंडल के तीन, मुंबई मंडल के दो, सोलापुर मंडल के पांच, माटुंगा वर्कशॉप के एक और मुख्यालय कार्यालयों के सात पुरस्कार विजेता शामिल थे। उत्सवी बनाने के लिए पुरस्कार विजेताओं और उनके परिवार के सदस्यों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल और गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल

साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.) - 462020 (भारत)

एनआईटी क्र. AIIMSBHOPAL-TENDER/NIT/25-26/31 दिनांक : 09/05/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)**

एम्स, भोपाल द्वारा पंजीकृत निर्माताओं/डीलरों/वितरकों/ठेकेदारों से निम्नलिखित वस्तुओं/सेवाओं के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| ई-निविदा आईडी नं. | एम्स भोपाल में अपेक्षित सामग्री/सेवाएं | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| AIIMS/BPL/HPC/TMBB Test Kit/2025-26/045 | टेस्ट किट की खरीद हेतु आमंत्रण सूचना | विवरण नहीं दिया गया है |
| AIIMS/BPL/HPC/TMBB (Reagent)/Rule-161/2025-26/044 | एम्स भोपाल में टीएमबीबी विभाग के लिए रेजेन्ट की खरीद हेतु दर अनुबंध | विवरण नहीं दिया गया है |
| AIIMS/BPL/Blood Bags/25-26/036 | एम्स भोपाल में टीएमबीबी विभाग के लिए ब्लड बैग की खरीद हेतु दर अनुबंध | विवरण नहीं दिया गया है |

उपर्युक्त ई-निविदाओं से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए इच्छुक बोलीदाता कृपया ई-मेल :-www.aiimsbhopal.edu.in और spso@aiimsbhopal.edu.in का अवलोकन करें। निविदाएं, ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.aiimsbhopal.edu.in एवं सीपीपी पोर्टल : www.eprocure.gov.in से डाउनलोड किए जा सकती हैं । इस निविदा सूचना से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल उक्त वेबसाइटों पर प्रकाशित किए जाएंगे ।

निदेशक, एम्स, भोपाल की ओर से
प्रभारी वरिष्ठ क्रय-सह-भंडार अधिकारी, एम्स भोपाल




सदाशिव ज्योतिष केंद्र
8080769503
(मुफ्त सलाह) 21 वर्षों के अनुभवी) शत्रुनाश, सौतनत्राश, मनचाहा प्यार, शादी- विवाह मे रुकावट, लवमैरिज, फिल्म/ मॉडलिंग, विदेशयोग, घरेलू झगडा, लवप्राब्लम/ तलाक, महामोहिनी, वशीकरण स्पेशलिस्ट. अंधेरी (वेस्ट)


रविवार और छुट्टियों के दिन

# बेलापुर-पेंधर मार्ग पर मेट्रो का संशोधित समय लागू

■ हर 15 मिनट पर मेट्रो की सेवा उपलब्ध

**नवी मुंबई।** मेट्रो ट्रेनों के नियमित रखरखाव हेतु, सिडको द्वारा रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों के दिनों में नवी मुंबई मेट्रो मार्ग क्रमांक 1 बेलापुर से पेंधर पर चलने वाली मेट्रो सेवाओं के समय में बदलाव किया गया है, और इस संबंध में संशोधित समय 11 मई से लागू किया जाएगा। संशोधित समयानुसार रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों के दिनों में बेलापुर मेट्रो स्टेशन और पेंधर मेट्रो स्टेशन से सुबह 06.00 बजे पहली मेट्रो रवाना होगी। जबकि अंतिम मेट्रो सेवा बेलापुर मेट्रो स्टेशन से रात 10.00 बजे और पेंधर मेट्रो स्टेशन से रात 09.45 बजे रवाना होगी। इन दिनों हर 15 मिनट पर मेट्रो की सेवा उपलब्ध रहेगी। रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर अन्य दिनों में मेट्रो सेवा सामान्य समयानुसार उपलब्ध रहेगी।

# सीएसएम सर्किट आला हेरिटेज टूर पर गौरव झा ने साझा की जानकारी

■ छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट आला हैरिटेज टूर के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस





**मुंबई।** इंडियन रेलवे केटरिंग एवं ट्यूरिज्म वेस्ट जोन मुंबई में भारत गौरव ट्रेन द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट आला हैरिटेज टूर के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गौरव झा (समूह महाप्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र, मुंबई) ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'आईआरसीटीसी' ने महाराष्ट्र पर्यटन के सहयोग से 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट हेरिटेज टूर' का आयोजन किया है। यह टूर पर्यटकों को महाराष्ट्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का अनुभव कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। झा ने मीडिया के सवालों का उत्तर देते हुए बताया कि आईआरसीटीसी की विशेष टूर पेशकश में रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) शामिल हैं, बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर "छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर" 09 जून, 2025 को रवाना होने के लिए तैयार है। 05 रातों और 06 दिनों की यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से शुरू होगा। अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन जिसमें स्लीपर, एसी III टियर और एसी-II टियर कोच हैं, जिसमें कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशन से भी सवार हो सकते हैं। आईआरसीटीसी 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर अपनी तरह का पहला हेरिटेज टूर संचालित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर करेगा। इस टूर में पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक या राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी जहां से उन्होंने शासन किया था। दूसरे दिन लाल महल एक लाल रंग का महल है जिसे छत्रपति शिवाजी के पिता शाहजी भोसले ने 1630 ई. में अपनी पत्नी जीजाबाई और बेटे के लिए बनवाया था। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर, शिवसृष्टि का दौरा करेंगे। मराठा शासक की जीवन कहानी को 3डी में देखेंगे और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों का आनंद लेंगे। शिवनेरी की यात्रा करेंगे, जो पुणे शहर से 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म स्थान है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक है। भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर, प्रतापगढ़ किला है जो 1659 में छत्रपति शिवाजी महाराज और बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान के बीच हुए प्रतापगढ़ के युद्ध के कारण ऐतिहासिक महत्व रखता है। यात्रा कोल्हापुर के लिए आगे बढ़ेगी। कोल्हापुर अंबाबाई महालक्ष्मी मंदिर जाएंगे और उसके बाद पन्हाला किला देखेंगे। यह किला छत्रपति शिवाजी महाराज और शंभाजी महाराज के जीवन इतिहास से जुड़ा हुआ है। इस किले पर कब्जा करने की लड़ाई के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापति बाजी प्रभु देशपांडे द्वारा दिखाए गए वीरता के लिए याद किया जाता। इस अवसर पर आयआरसीटीसी वेस्ट जोन मुंबई के हर्षवर्धन सिंह रावत, एजीएम/पर्यटन, डॉ ए के सिंह, कंसल्टेंट/पीआर, सुभाष नायर, मेनेजर /पर्यटन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

जा.क्र.SRA/CO/OW/१४०८२/सन२०२५
सहकार कक्ष, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई
दिनांक: ०९.०५.२०२५

**सर्वसाधारण सभा घेण्यासाठीची नोटिस**

**(नियोजित) जय महाराष्ट्र हनुमाननगर एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्थान,** न.भु.क्र. ४६४ (भाग), मौजे - विलेपार्ले (प), तालुका अंधेरी, अळुवाडी, हनुमान नगर, ईर्ला ब्रिजजवळ, टाटा कंपाऊंड, एस.व्ही. रोड, अंधेरी (प), मुंबई - ४०० ०५८ आणि **(नियोजित) जय हिंद संकल्प एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था,** न.भु.क्र. ४६४ (भाग), मौजे विलेपार्ले (प), तालुका अंधेरी, हनुमान नगर, इर्ला ब्रिज, एस.व्ही.रोड, साईबाबा मंदिराजवळ, अंधेरी (प), मुंबई - ४०० ०५८.

उपरोक्त दोन्ही संस्थांची दाखल केलेल्या झोपुप्रा परिपत्रक क्र. १४४ अन्वयेच्या प्रस्तावावर विकासक व वास्तुविशारद निवडीकरीता अभियांत्रिकी विभागामार्फत मा. सचिव (झोपुप्रा) यांनी पारीत केलेल्या दिनांक २२.११.२०२४ रोजीच्या कार्यालयीन आदेशाच्या अनुषंगाने सहकार विभागाच्या प्रतिनिधीच्या समक्ष सर्वसाधारण सभा घेऊन तसे अभिप्राय सादर करणेबाबत नमुद केलेले होते.

मा. उपजिल्हाधिकारी (विशेष कक्ष), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांचे कार्यालयाकडुन दिनांक २०.०३.२०२५ रोजीच्या पत्रासोबत न.भु.क. ४६४ या मिळकतीवरील झोपडीधारकांचा याद्या या कार्यालयात सादर केलेल्या आहेत. त्यानुसार मा. उपजिल्हाधिकारी (विशेष कक्ष), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांचे कार्यालयाकडुन प्राप्त झालेल्या झोपडीधारकांच्या यादीमधील झोपडीधारकांची विकासक व वास्तुविशारद यांच्या नियुक्तीस सहमती पडताळणी बाबतचा ठराव घेऊन निर्णय घेणेकामी मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, (पुर्व व पश्चिम उपनगरे), झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई यांचेकडिल दिनांक ०६.०५.२०२५ रोजीच्या पत्रानुसार मी, निम्म स्वाक्षरीकार माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणुन नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६९, दिनांक ३१.१२.२०१५ नुसार सदरची सर्वसाधारण सभा **बुधवार दिनांक २८.०५.२०२५ रोजी ठिक सकाळी १०:०० वाजता स्थळ : विद्या विकास स्कुल, भवन्स् कॉलेजजवळ, रिक्रिऐशन क्लबसमोर, अंधेरी (प), मुंबई -४०००५८** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदर सभेस मा.उपजिल्हाधिकारी (विशेष कक्ष), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांचे कार्यालयाकडुन प्राप्त झालेल्या झोपडीधारकांच्या यादीमधील झोपडीधारकांनीच उपस्थित राहावे.

कृपया याबाबत नोंद घ्यावी.

**विषय : नियो. संस्थेच्या पुनर्वसन योजना राबविणेकामी झोपडीधारकांची विकासक व वास्तुविशारद यांच्या नियुक्तीस गुप्त मतदान पद्धतीने सहमती पडताळणी बाबतचा ठराव घेऊन निर्णय घेणे.**

(एच.आर. गावडे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-२) झोपुप्रा. बृहन्मुंबई

ठिकाण : मुंबई
दिनांक: ०९/०५/२०२५

**टिप :**

१) सदर सभेस फक्त मा. उपजिलहाधिकारी (विशेष कक्ष), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यादीतील झोपडीधारकांनीच (पती / पत्नी) स्वत:ची ओळख होईल अशा मुळ ओळखपत्रासह विहीत वेळेत उपस्थित राहावे. अन्य व्यक्तीस उपस्थित राहता येणार नाही.
२) सदर सभेसाठी पात्र झोपडीधारकांची वेळ सकाळी १०:०० ते १२:०० वाजेपर्यंत बायोमॅट्रीक उपस्थिती नोंद घेण्यात येईल.
३) गणसंख्ये अभावी सभा तहकुब झाल्यास अर्ध्या तासानंतर त्याच दिवशी त्याच ठिकाणी सभा घेण्यात येईल.
४) सदर सभेच्या कामकाजाचे व्हिडिओ चित्रीकरण करण्यात येणार आहे.

**प्रति,**

१) श्री. / श्रीम. ----------------------------------------------------------------, **(नियोजित) जय महाराष्ट्र हनुमाननगर एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था,** न.भु.क्र. ४६४ (भाग), मौजे-विलेपार्ले (प), तालुका अंधेरी, अळुवाडी, हनुमान नगर, ईर्ला ब्रिजजवळ, टाटा कंपाऊंड, एस.व्ही. रोड, अंधेरी (प), मुंबई - ४०० ०५८.
२) श्री. / श्रीम. ----------------------------------------------------------------, **(नियोजित) जय हिंद संकल्प एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था,** न.भु.क्र. ४६४ (भाग), मौजे-विलेपार्ले (प), तालुका अंधेरी, हनुमान नगर, ईर्ला ब्रिज, एस.व्ही. रोड, साईबाबा मंदिराजवळ, अंधेरी (प), मुंबई - ४०० ०५८.
३) संस्थेच्या नोटिस बोर्डावर माहिती व प्रसिद्धीसाठी.
४) मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पुर्व व पश्चिम उपरनगर), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई.

(एच.आर. गावडे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-२) झोपुप्रा. बृहन्मुंबई

## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय - रायगढ़ (छ.ग.)

E-mail: gmcraigarhhospital@gmail.com

क्रमांक/3559/चिकि./क्रय/2025-26. रायगढ़ दिनांक 07.05.2025

**// रूचि की अभिव्यक्ति //**

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ (छ.ग.) की ओर से चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के उपचार हेतु चिकित्सालय में उपलब्ध Blood & Tissue Investigation के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के Blood & Tissue Investigation स्थानीय स्तर से कराये जाने हेतु रायगढ़ क्षेत्र अंतर्गत National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories (NABL) से मान्यता प्राप्त इच्छुक लैबों से उनके प्रचलित (Recent) दर में छूट के आधार पर न्यूनतम दर प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। दर प्रस्ताव बंद लिफाफे में दिनांक 29.05.2025 समय दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालयीन पत्र पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट अथवा पी.एन.टी. विभाग के अधिकृत कूरियर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। प्रस्ताव उसी तिथि को सायं 04:00 बजे क्रय समिति एवं उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष प्राप्त दरें खोली जावेंगी। दर निर्धारण उपरान्त अनुमोदित न्यूनतम दरों पर अन्य प्रतिभागी इच्छुक लैबों को उनके सहमति के आधार पर न्यूनतम दर मिलान कर संबंधित जांच कराया जा सकेगा। किसी भी परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

हस्ता/-
संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय
चिकित्सालय - रायगढ़ (छ.ग.)

G-252600738/5

## कटिहार मंडल में अभियांत्रिकी कार्य

निविदा सूचना संख्या: KIR/Engg./27 of 2025; दिनांक: 07-05-2025; निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: 1; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यार्ड सुधार-कटिहार यार्ड। (आरसीसी ड्रेन का निर्माण)। **निविदा मूल्य :** ₹10,74,33,493.52/-; **बोली सुरक्षा:** ₹6,87,200/-; **निविदा संख्या: 2; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यार्ड सुधार-कटिहार यार्ड। (टीटीआर(पी) टीडब्ल्यूएस और डब्ल्यूसीएमएससी)। **निविदा मूल्य :** ₹1,96,35,293.23/-; **बोली सुरक्षा:** ₹2,48,200/-; **निविदा संख्या: 3; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यार्ड जल निकासी में सुधार - जोगबनी यार्ड (सिविल कार्य)। **निविदा मूल्य :** ₹2,61,61,384.24/-; **बोली सुरक्षा:** ₹2,80,800/-; **निविदा संख्या: 4; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (क) जेएजी और जोगबनी यार्ड में गिट्टी की आपूर्ति। (ख) यार्ड जल निकासी में सुधार - जोगबनी यार्ड। (पी.वे कार्य)। **निविदा मूल्य :** ₹2,09,87,165.77/-; **बोली सुरक्षा:** ₹2,54,900/-; उपरोक्त सभी निविदाओं के **बंद** करने की **तिथि** और **समय 06-06-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **06-06-2025** को **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **06-06-2025** के **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार
पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी.

**पाणी पुरवठा विभाग**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक- 05 सन 2025-2026 (पहिल्यांदा प्रसिद्ध)**

खालील काम करण्यासाठी सक्षम व अनुभवी ठेकेदारांकडून ई-निविदा मागविण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | कामाचा स्वरूप | अंदाजित खर्च | निविदा फॉर्म फी | निविदा विक्री व स्वीकारण्याची अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सन 2025-2026 भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिकेच्या कार्यक्षेत्रात प्रभाग समिती क्र. 1 ते 5 निहाय अस्तितवात असलेल्या पाईप लाईन निगा व दुरुस्ती कामा करीता साहित्य पुरपिणेबाबत. | रु. 98,13,376/- | रु. 2360/- | दिनांक 13/05/2025 ते दिनांक 27/05/2025 |

सदर निविदा बाबतची माहिती मनपा संकेतस्थळावर mahatenders.gov.in वर दिनांक 13/05/2025 पासून उपलब्ध आहे.

जा.क्र./ज. सं. वि./442
दि. 09.05.2025

कार्यकारी अभियंता (प्र.)
पाणी पुरवठा विभाग
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी.

# टंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो में दरार

- पत्थर निकल रहे बाहर
- मरम्मत नहीं तो खतरा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**देसूरी।** कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में स्थित टंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो में दरार पड़ने के कारण एक जगह से पत्थर बाहर निकलने के कारण तीन से चार फीट खड्डा ओवरफ्लो दीवार में पड़ गया है। अगर बारिश से पहले इस बांध के ओवरफ्लो का मरम्मत कार्य नहीं करवाया तो इस बांध को बचाना वन विभाग के लिए मुश्किल हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि अभ्यारण्य में स्थित टंडीबेरी बांध का निर्माण 1978 में हुआ था। इस बांध में पानी आठ किमी दूरी पर स्थित कुम्भलगढ़ की पहाड़ियों से आता है। यह बांध 600 फीट की ऊंचाई पर है, तीन नदियों और पहाड़ों को पार करने बाद अभ्यारण्य के बीच नजर आता है। इस बांध में अच्छी बरसात होने से ओवरफ्लो हो जाता हैं। जिसका पानी घाणेराव नदी होते हुए काणा बांध में जाता है। वहीं टंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो होने से घाणेराव नदी में करीब तीन से चार माह तक पानी बहता है। जिससे कुएं रिचार्ज होते है, जिससे किसानों को फसलों की अच्छी पैदावार होती है। वह बांध में 12 माह तक पानी भरा होने से गर्मी के मौसम में वन्यजीवों के लिए यह बांध बड़ा ही उपयोगी साबित होता है, क्योंकि कहीं पानी नहीं मिलता है तो वन्यजीव प्यास बुझाने के लिए इस बांध पर पहुंचते है। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में इस टंडीबेरी बांध के आसपास बड़ी संख्या में वन्यजीव विचरण करते नजर आते है। यह बांध आदिवासी किसानों के लिए बड़ा ही उपयोगी है, क्योंकि इस बांध के पानी से यह लोग खेती करते है। मगर बांध के ओवरफ्लो में पिछले वर्षो से दरार पड़ने से धीरे-धीरे दीवार के अंदर से ओवरफ्लो के दौरान पत्थर निकलने शुरू हो गए। मगर विभाग को इसकी जानकारी होते हुए भी मरम्मत कार्य नहीं करवाया। लंबाई तीन से चार फीट और गहराई डेढ़ से दो फीट के करीब है। अगर समय रहते इस बांध के ओवरफ्लो का मरम्मत कार्य नहीं करवाया गया, तो इस बांध को बचाना विभाग के लिए मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि बांध के क्षतिग्रस्त दीवार से पानी रिसाव से बाहर निकल रहा है। उसके बावजूद वन विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दें रहे हैं।

### ओवरफ्लो में हो रहा रिसाव

अभ्यारण्य में स्थित टंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो में पत्थर बाहर निकलने के कारण खड्डा पड़ गया है। जिसके कारण ओवरफ्लो में रिसाव से पानी निकल रहा है। अगर रिसाव को नहीं रोका गया तो ओवरफ्लो की दीवार कमजोर हो जाएगी। जो इस बांध के लिए खतरे से कम नहीं होगी। कुंभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य में स्थित टंडीबेरी बांध आदिवासी किसानों के लिए बड़ा ही उपयोग है। क्योंकि इस बांध के पानी से यह किसान 500 हेक्टर भूमि पर रबी फसलों की बुवाई कर सिंचाई करते है। जिसके कारण किसानों को अच्छी पैदावार होती है। जिसके कारण यह बांध किसानों के लिए बड़ा ही उपयोगी है।

# बाली में बेमौसम बारिश से कुम्हारों को नुकसान

▸▸ कच्ची ईंटें बर्बाद, कई परिवार बेरोजगार



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली कस्बे में मई महीने में हुई बेमौसम बारिश ने कुम्हार समाज के लोगों की आजीविका पर गंभीर प्रभाव डाला है। लगातार चार दिनों की बारिश से भट्ठों में पकने के लिए रखी कच्ची ईंटें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। कुम्हार समाज के प्रतिनिधि अमृत प्रजापत ने बताया कि बाली में अधिकतर कुम्हार परिवार ईंट बनाने का काम करके अपना जीवन यापन करते हैं। बारिश से ईंट भट्ठों में रखी कच्ची ईंटें पूरी तरह भीग गई हैं। इससे उनकी पूरे साल की मेहनत और निवेश बर्बाद हो गया है। इस नुकसान से कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए हैं। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन की टीम को क्षेत्र का दौरा कर नुकसान का आकलन करना चाहिए। इससे प्रभावित परिवारों को राहत मिल सकेगी।

# फालना रेलवे अंडरब्रिज में भरा दो फीट पानी

▸▸ वाहन चालक परेशान, स्थाई समाधान की मांग

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** फालना में रेलवे अंडर ब्रिज में बारिश का पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंडर ब्रिज में करीब दो फीट तक पानी भर गया है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को मजबूरन पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। पार्षद ललित मालवीय ने बताया कि ये अंडर ब्रिज फालना को पश्चिम से उत्तर की ओर जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। सुबह हुई बारिश के बाद दोपहर तक पानी की निकासी नहीं हो पाई है। प्रशासन द्वारा पानी निकालने के लिए मोटर लगाई जाती है। लेकिन रेल प्रशासन की ओर से स्थाई समाधान नहीं किए जाने के कारण ये समस्या बनी रहती है। ऊपरी क्षेत्र में अधिक बारिश के कारण खुडाला से बहने वाली खारेश्वर नदी और आसपास की नदी-नालों में तेज बहाव है। स्थानीय पार्षद ललित मालवीय ने कई बार रेल विभाग को इस समस्या से अवगत कराया है। लेकिन अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं निकला है। आज भी कई बार फोन करने के बावजूद अंडर ब्रिज से पानी नहीं निकाला गया है।



# पुलिस लाइन ग्राउंड में कलेक्टर-एसपी ने ली मीटिंग

- पुलिसकर्मियों को दी आपात स्थिति में घायलों को बचाने की ट्रेनिंग, हथियारों की सफाई के निर्देश

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पाली।** पाली के पुलिस लाइन मैदान में शुक्रवार को जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चूना राम जाट के नेतृत्व में जिले के पुलिस कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें आपातकाल में घायलों को प्राथमिक उपचार किस तरह करना है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। पुलिस लाइन मैदान में पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देने के लिए बांगड़ हॉस्पिटल के डा. सौरभ गौड़ और नर्सिंग ऑफिसर हाजी मोहम्मद को बुलाया गया। जिन्होंने यहां आए जिलेभर के पुलिसकर्मियों को बताया कि किस तरह वे प्राथमिक उपचार कर घायलों की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को डेमो दिखाकर घायल के हाथ पर पट्टी बांधने, हाथ फेक्चर होने पर कैसे लकड़ी से बांधकर उसे सुरक्षित करने की ट्रेनिंग दी। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए मौके से उचित स्थान तक ले जाने के दौरान गर्दन को सावधानी पूर्वक पकड़कर रखना है, ताकि उसमें किसी तरह की चोट नहीं आए। सिर पूरी बॉडी का कंट्रोल रूम होता है, इसलिए घायल को ले जाते समय उसकी गर्दन, सिर का विशेष ध्यान रखना है। इस दौरान एसपी चूनाराम जाट, एएसपी विपिन कुमार शर्मा सहित कई पुलिसकर्मियों ने डा. गौड़ से सवाल भी किए। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां कैंसिल, हथियारों की सफाई की भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए एसपी चूना राम जाट ने भी मुख्यालय के आदेश के बाद पुलिसकर्मियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी है। इसके साथ ही उन्हें हथियारों को तैयार रखने के निर्देश दिए। ऐसे में थानों में शुक्रवार दोपहर को पुलिसकर्मी हथियारों की साफ-सफाई करते नजर आए, ताकि जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग किया जा सके। वॉलेंटियर को दी प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग सीएमएचओ डा. विकास मारवाल ने बताया कि शुक्रवार को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम हॉल में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

# बाली में रातभर मौसम का कहर

- 50 एमएम बारिश से नदियां बहनी शुरू
- आंधी से बिजली गुल और टेंट उखड़े

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** राजस्थान के बाली क्षेत्र में गुरुवार रात मौसम ने अचानक करवट बदली। रात 10 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। यह बारिश शुक्रवार सुबह तक जारी रही। आंधी के कारण क्षेत्र में रात भर बिजली आपूर्ति बाधित रही। सेसली में एक शादी समारोह में लगे टेंट भी तेज हवाओं की वजह से उखड़ गए। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता रोहित चौधरी के अनुसार, बाली में सुबह आठ बजे तक 50 एमएम बारिश दर्ज की गई। आदिवासी बहुल इलाकों में तेज बारिश से नाणा नदी, काकराड़ी और सेंदला नदी में बहाव देखा गया। बाली के लुणावा से निकलने वाली पावटी नदी में भी पानी तेज गति से बहने लगा। वहीं बाली की सुखड़ी नदी में भी पानी बहता देखा गया। पिछले पांच दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। शुक्रवार को दिन भर उमस रही। दोपहर तक धूप खिली रही।




# सांडेराव थानाधिकारी ने किया ग्रामीणों को जागरूक

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** जिला प्रशासन के आदेशानुसार सांडेराव थानाधिकारी गीता सिंह चौधरी द्वारा बस स्टैंड स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में ग्राम वासियों की एक आवश्यक बैठक लेकर ब्लैक आउट गाइडलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चौधरी ने सभी ग्राम वासियों से अपील है कि अपनी दुकानें, प्रतिष्ठान रात 8.30 बजे तक मंगल कर दें और जाने से पहले दुकान के बाहर लगी लाइट, ग्लोसाइन बोर्ड बंद करके जाए। शाम 8:30 बजे के बाद जिले के सभी बाजार पूरी तरह बंद रहे। आज 8:30 बजे से बाद तक पूर्णतया ब्लैकआउट लागू रहेगा। सभी घरों और प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें बंद रखना अनिवार्य होगा। इस दौरान वाहन चालकों को भी ब्लैक आउट गाइडलाइन की पालना करनी होगी। दुपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों पर रातभर रोक रहेगी। आतिशबाजी/पटाखों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। थानाधिकारी गीता सिंह चौधरी ने कहा है हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे देश हित में नियमों का पालन करें। सुरक्षा कारणों से उठाया गया ये कदम बेहद जरूरी और संवेदनशील है। इसलिए आमजन से अपील की जाती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए सर्तकता के साथ शांति और सहयोग बनाएं रखें। इस सूचना को आगे शेयर करें और प्रशासन का साथ दें। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# चार राजकीय कॉलेजों में मध्यावधि परीक्षा स्थगित

▸▸ बाली, सादड़ी, देसूरी और तखतगढ़ में परीक्षाएं अगले आदेश तक टलीं

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पाली जिले में आपातकालीन स्थिति को देखते हुए चार राजकीय महाविद्यालयों में होने वाली मध्यावधि परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। राजकीय महाविद्यालय बाली के प्राचार्य आईदान सिंह राजपुरोहित ने यह जानकारी दी। स्थगित की गई परीक्षाएं राजकीय महाविद्यालय बाली, राजकीय महाविद्यालय सादड़ी, राजकीय महाविद्यालय देसूरी और राजकीय कन्या महाविद्यालय तखतगढ़ में आयोजित होनी थी। इन सभी महाविद्यालयों में द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मध्यावधि परीक्षाएं प्रस्तावित थी। कॉलेज प्रशासन ने वर्तमान में उत्पन्न आपदा और आपातकालीन हालात को देखते हुए यह निर्णय लिया है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा अगले आदेश में की जाएगी।

# मंत्री ने किया सुमेरपुर में चार आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन




▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** शुक्रवार को सुमेरपुर में चार आयुष्मान आरोग्य मंदिर हॉस्पिटल का उद्घाटन हुआ। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बाणमाता आरोग्य केंद्र में फीता काटकर इनका शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि ये केंद्र बाणमाता क्षेत्र, आदर्श कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड और जाखामाता मंदिर क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मानव सेवा को परम धर्म माना गया है। सेवा का अवसर मिले तो उसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करना चाहिए। इससे जीवन का परम सत्य प्राप्त हो सकता है। मंत्री ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से सेवा भाव से काम करने की अपील की। कहा कि दुखी लोगों के जीवन में मुस्कान लाएं। क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दें। मानवीय दृष्टिकोण को सकारात्मक दिशा दें। सभी लोग राष्ट्रहित में प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करें। समारोह के अंत में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गोविंद सिंह चुंडावत ने धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम में नगरीय कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद गिरी, नर्सिंग ऑफिसर अशोक माली, हरीश, हेमंत, पूजा, हिना, सलीम, लादेश, संदीप, तरुण सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पाली : रात साढ़े आठ बजे से बंद होंगे बाजार

▸▸ जिला कलेक्टर-एसपी ने भी गुरुवार रात को लिया शहर का राउंड

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली :** पाली में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देश के बाद सायरन बजाकर शहर में गुरुवार रात को ब्लैक आउट किया गया। जो रात पौने 11 बजे से सुबह चार बजे तक पाली शहर और रोहट एरिए में रहेगा। इस दौरान शहरवासियों को अपने घरों की लाइट बंद रखने का जिला कलेक्टर ने निवेदन किया। शहर में पुलिस के वाहन घूमते नजर आए। जहां-जहां उन्हें लाइट जलती नजर आई उन्हें बंद करवाया। शहर के अधिकतम मोहल्लों में लोगों ने खुद ही अपने घरों की लाइट बंद कर जागरूकता का परिचय दिया। शहर की कई मस्जिदों से सायरन बजाकर लोगों को लाइट बंद करने के लिए जागरूक किया।

# पाली : युवक पर चाकू के पांच वार, अस्पताल में भर्ती



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में एक युवक को उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। जिसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर दो युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी पीठ में पांच-छह घाव हो गए।
रंजिश को लेकर युवक पर हमला किया। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र के नादिया गांव निवासी 20 साल के रमेश पुत्र खंगाराम गरासिया ने बताया कि वह गुरुवार को उसके गांव के पास स्थित अरसाना मेले में घूमने गया था।
वहां उसके गांव के पास के ही दो युवक आए और अचानक उसके चेहरे पर मिर्ची पाउडर फेंका जिससे उसे दिखना बंद हो गया। जिसके बाद उन्होंने युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूत्रों के अनुसार घायल युवक का हमलावर से पुरानी रंजिश भी बताई जा रही है।

# प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण

▸▸ जवानों के साथ अधिकारियों ने भी लिया प्रशिक्षण
▸▸ भारत-पाकिस्तान के बीच बने तनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** भारत पाक के बीच बढ़ते तनाव के चलते सुरक्षा एजेंसियों द्वारा देश को अलर्ट कर रखा है। इसके तहत शुक्रवार को पाली पुलिस लाइन मैदान में जिला कलक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुनाराम जाट और चिकित्सक सौरभ गौड़ और उनकी टीम की ओर से जिले के 400 से अधिक पुलिस अधिकारियों और जवानों को फस्ट एंड की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान चिकित्सक द्वारा जवानों को घटना के दौरान खुद के बचाव के साथ घायल लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई। कलक्टर की ओर से सभी सरकारी वाहनों में फस्ट एंड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।



# बालराई में श्री कुबाजी महाराज मंदिर प्रतिष्ठा

- आंठवीं वर्षगांठ पर भजन संध्या व मेला

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** बालराई में कुमावत समाज के श्री कुबाजी महाराज मंदिर की आंठवीं वर्षगांठ पर भव्य मेला गुरूवार को भरा। इससे पूर्व बुधवार रात में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन कलाकार महावीर सांखला सहित अन्य कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दीं। समाज बंधुओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम श्रीपति नंदनवन धाम राजपुरा सिरोही के संस्थापक संत गोविंद वल्लभदास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महाराज ने समाज बंधुओं से शिक्षित होकर एकमत होने का आह्वान किया और हर क्षेत्र में आगे आने और सहयोग करने का भी संकल्प दिलाया। मेले के दिन मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भाग लिया। मंत्री कुमावत ने समाज बंधुओं को शिक्षित होने के साथ संस्कारवान होने का संदेश दिया। उन्होंने समाज बंधुओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर रखने की बात कहीं। मंत्री ने धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा व संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राज्य और केंद्र सरकार से सम्बंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर कुमावत समाज के पंचों द्वारा मेला समारोह में सभी भामाशाहों, संतगणों और मंत्री कुमावत का बहुमान किया। कार्यक्रम में महाप्रसादी के भामाशाह भरत कुमार टांक ढोला, दिवेल धुप के भामाशाह मांगीलाल अचला जालोरा, विडियोग्राफी के भामाशाह कन्हैयालाल अचला तलैषा, टेंट व्यवस्था के लाभार्थी सती माता टेंट और महादेव टेंट, लाईट डेकोरेशन के भामाशाह कपुराराम हकाजी रामीना, भजन संध्या के भामाशाह डोवेश्वर कुमावत युवा मंडल बालराई, साफा-हार व माला के भामाशाह चुन्नीलाल केसाजी रोटोंगन, पानी व्यवस्था के भामाशाह रतिलाल केसाजी रोटोंगन, चाय व्यवस्था के लाभार्थी प्रवीण वरदाजी गुंगोमण, आरती के भामाशाह मोहनलाल चुनाजी चान्दोरा, आमंत्रण पत्रिका के लाभार्थी बंशीलाल ओटाजी चान्दोरा का भी माला साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत और सम्मान किया गया।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

श्रीमती एम.टी. अग्रवाल महापालिका जनरल हॉस्पिटल, मुलुंड, मुंबई 400067
नं. एमजीएच/516/एएमडब्ल्यू दिनांक 08.05.2025

### ई- निविदा सूचना

यह ई-निविदा सूचना है। महापालिका आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वार निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (ईएमडी) रु. | निविदा शुल्क रु. | बोली प्रारंभ की प्रारंभ दिनांक व समय | ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | क्रांतिवीर महात्मा ज्योतिबा फुले हॉस्पिटल विक्रोळी (पू) के ओटी विभाग हेतु 5 वर्ष की सीएमसी तथा 3 वर्ष की वारंटी सहित स्टैंडर्ड एसेसरीज सहित ऑटो मैटिक फलैश स्टर्लाइजिंग सिस्टम (मात्राः 01 नग) की एसआईटीसी। | रु. 49750/- | रु. 7,260/- + रु. 1307/- (18% जीएसटी) = रु. 8,567/- | 10.05.2025 को शाम 04.00 बजे (16 बजे) | 21.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे (11 बजे) |

एमसीजीएम से पंजीकृत सहित सभी बोलीदारों ने जिन्होंने स्टैंडिंग डिपॉजिट का भुगतान कर दिया हो, उन्हें बृहन्मुंबई महानगर पालिका को ईएमडी का भुगतान करना होगा। ऑनलाइन बोली जमा करते समय http://www.mahatenders.gov.in पर ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से ईएमडी की निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा।
महानगर पालिका आयुक्त के पास किसी भी या सभी अभिरूचि की अभिव्यक्ति आवेदन को किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
**नोटः ए) ई-निविदा सूचना से उक्त संदर्भित निविदा के पात्रता मापदंड http://www.mahatenders.gov.in पर अपलोडेड है।**
**निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।**

PRO/368/ADV/2025-26

हस्ता./-
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
श्रीमती एम.टी. अग्रवाल हॉस्पिटल,
मुलुंड (प)

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।

